डॉ0 अमित मेधावी
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0

(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/1458 दिनांकः 23 दिसम्बर, 2024

सेवा में,
निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें आयोजित कराये जाने तथा आतंरिक अंकों को ई0आर0पी0 अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/1420 दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के तालिका में अंकित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें** विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 से दिनांक 05 जनवरी, 2025** तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित कराई जायेगी।

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम	सेमेस्टर/वर्ष	प्रयोगात्मक परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि/कार्यक्रम
1	B.Tech	5th & 7th	**दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 से 05 जनवरी, 2025 के मध्य प्रथम चरण की परीक्षाओं हेतु**
2	B.Pharm	5th, 6th 7th & 8th	
3	B.Arch, MBA (INT), MCA-DD, MCA (INT.), M.Tech (INT) & MAM	3rd, 5th ,7th & 9th	
4	BHMCT, BFA & BFAD,	3rd, 5th ,7th	
5	B.VOC.	3rd & 5th	
6	MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP	3rd	

उपरोक्तानुसार प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षकों की डयूटी की सूची संस्थान के ई0आर0पी0 लॉगिन में तथा सम्बन्धित शिक्षकों के लॉगिन में भी अपलोड करा दी गई है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि सम्बन्धित परीक्षकों (शिक्षकों) से सम्पर्क कर छात्रहित में प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा विश्वविद्यालय के नियमों तथा संबधित गाइड लाइन के अनुसार व्यवस्था कराने का कष्ट करें तथा प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के प्राप्तांको को ई0आर0पी0 पोर्टल पर निर्धारित समय तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ परीक्षा संबंधित समस्त प्राप्तांकों एवं दस्तावेजो/प्रपत्रों को विधिवत सुरक्षित रखे, ताकि विश्वविद्यालय में समय-समय पर आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया जा सकें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित कराना है कि उल्लेखित पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टरों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के **आतंरिक अंकों (Theory Sessional/Practical Sessional)** को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित किये जाने हेतु **दिनांक 27 दिसम्बर, 2024 से दिनांक 12 जनवरी, 2025 तक** ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 अमित मेधावी)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(डॉ0 अमित मेधावी)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक